दिन– शनिवार | दिनांक– 02 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में जनगणना दो हजार सत्ताईस के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना आज से शुरू। घर–घर जाकर प्रगणक लेंगे जानकारी।

02. भारत और नेपाल के बीच आज काठमांडू में मॉनसून अवधि के दौरान बाढ़ पूर्वानुमान मॉडल पर चर्चा होगी।

03. बीपीएससी ने अप्रैल में आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी परीक्षा को रद्द किया।

04. और, मौसम विभाग का आज प्रदेश के कई भागों में मेघगर्जन, वज्रपात और बारिश का अलर्ट। मई महीने में सामान्य से अधिक वर्षा का पूर्वानुमान।

———————————————————————

प्रदेश में जनगणना दो हजार सत्ताईस के पहले चरण के अंतर्गत आज से मकान सूची क्रम और मकानों की गणना का काम आरंभ हो गया है। यह गणना स्व–गणना के पन्द्रह दिन की नोटिस अवधि समाप्त होने के बाद शुरू हुई है। गृह मंत्रालय के अनुसार यह कार्य तीस मई दो हजार छब्बीस तक जारी रहेगा। इसके अंतर्गत प्रशिक्षित गणनाकर्ता घर–घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। इस बीच, प्रदेश में कल स्व–गणना की प्रक्रिया समाप्त हो गयी। जिन नागरिकों ने स्व–गणना नहीं की है, प्रगणक उनके घर जाकर जानकारी दर्ज करेंगे। जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें नागरिकों की आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता, जाति और अन्य सामाजिक–आर्थिक विवरण दर्ज किए जाएंगे।

———————————————————————

भारत और नेपाल के बीच आज काठमांडू में मॉनसून अवधि के दौरान बाढ़ पूर्वानुमान मॉडल पर चर्चा के लिए बैठक होगी। इस बैठक में भारतीय पक्ष का प्रतिनिधित्व जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल करेंगे। इससे पहले काठमांडू में आयोजित दो दिवसीय भारत–नेपाल कोसी और गंडक परियोजनाओं की संयुक्त समिति की ग्यारहवीं बैठक में दोनों पक्षों के बीच कई मुद्दों पर सहमति बनी है। बैठक में नेपाल ने प्रदेश के पश्चिमी कोसी मुख्य नहर के पैंतीस किलोमीटर नेपाली भाग, कोसी बराज, गंडक बराज और मुख्य पश्चिमी नहर के भागों को शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराने की सहमति दी। इसके साथ ही पश्चिम कोसी मुख्य नहर के बांधों पर लगाये गये बिजली के खम्भों को स्थानांतरित करने को भी मंजूरी दे दी है।

जल संसाधन विभाग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस निर्णय से नहर और उसकी सेवा पथ के संचालन कार्य में कठिनाईयों को दूर किया जा सकेगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य में सुशासन स्थापित है और इसे चुनौती देने वाले लोगों से सख्ती से निपटा जायेगा। गयाजी में एक सभा को संबोधित करते हुये श्री चौधरी ने संकेतों में कहा कि अपराधियों के लिए राज्य में कोई जगह नहीं है।

———साउंड बाइट———

वहीं, नालंदा के सरमेरा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा ििक लोगों के लंबित प्रशासनिक मामलों के निपटारे के लिए उन्नीस मई से पंचायत स्तर पर सहयोग कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके तहत सभी पंचायतों में प्रत्येक महीने के पहले मंगलवार को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

———साउंड बाइट———

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि गंभीर अपराधों के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति को सख्ती से लागू किया गया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि आपराधिक घटनाओं के मामले में त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है।

———साउंड बाइट———

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी, एईडीओ परीक्षा, एईडीओ रद्द कर दिया है। आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार अभ्यर्थियों के व्यापक हित और कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित करने की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुये परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि चौदह अप्रैल से इक्कीस अप्रैल के बीच आयोजित परीक्षा के दौरान बत्तीस अभ्यर्थियों को कदाचार और गड़बड़ी के आरोप में पकड़ा गया था। वहीं, आयोग ने तेईस अप्रैल को आयोजित सहायक लोक स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी की लिखित परीक्षा को भी रद्द कर दिया है।

———————————————————————

तेल विपणन कंपनियों ने एलपीजी के उन्नीस किलो के कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानवे रुपये की बढ़ोतरी की है। पटना में अब व्यवसायिक सिलेंडर की नई कीमत तीन हजार तीन सौ छियालीस रुपये पचास पैसे होगी। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस बीच, राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों पर सरकार का सीधा नियंत्रण नहीं है।

–––साउंड बाइट–––

————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि पश्चिम एशिया में बदलती स्थितियों के बीच ऊर्जा आपूर्ति, नौवहन अभियान और भारतीय नागरिकों को सहयोग सहित सभी क्षेत्रों में निरंतरता और आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि देश भर में एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए कार्रवाई जारी है। कल देश भर में दो हजार तीन सौ से अधिक स्थानों पर छापेमारी की गई। मंत्रालय ने बताया औद्योगिक आधार पर ऑनलाइन एलपीजी सिंलेडर बुकिंग अंठानवे प्रतिशत तक बढ़ गई है।

————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि मई महीने में राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की सम्भावना है। इस दौरान अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने का पूर्वानुमान है। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की सम्भावना है। इस दौरान लू चलने की भी आशंका जतायी गयी है। इस बीच, विभाग ने आज प्रदेश के कई भागों में बारिश, मेघगर्जन, वज्रपात और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटा रहने की सम्भावना है।

–––साउंड बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नवादा जिले के रजौली में सबसे अधिक अट्ठावन दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

————————————————————————

अभी–अभी प्राप्त जानकारी के अनुसार मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान औरंगाबाद और रोहतास जिले के कई स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———————————————————————

भारतीय रिज़र्व बैंक–आरबीआई ने कहा कि चलन में मौजूद दो हजार रुपये मूल्य वर्ग के अंठानवे दशमलव चार सात प्रतिशत नोट तीन साल की अवधि में बैंक में वापस आ गए हैं। केंद्रीय बैंक ने अपने मुद्रा प्रबंधन अभ्यास के हिस्से के रूप में उन्नीस मई, दो हजार तेईस को दो हजार रुपये के नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। उस समय प्रचलन में ऐसे नोटों की कुल कीमत तीन दशमलव पांच छह लाख करोड़ रुपये थी। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, तीस अप्रैल, दो हजार छब्बीस तक यह आंकड़ा तेजी से घटकर दो हजार चार सौ इक्यावन करोड़ रुपये हो गया है। नोटबंदी की घोषणा के बाद से दो हजार रुपये के नोटों को बदलने की सुविधा उन्नीस आरबीआई कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि वापसी के बावजूद, दो हजार रुपये के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

———————————————————————

लोजपा रामविलास के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि केन्द्र सरकार मजदूरों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुये श्री पासवान ने कहा कि दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य मजदूरों के कौशल और उनकी मेहनत से ही प्राप्त होगा।

———साउंड बाईट———

———————————————————————

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद – आईसीयू द्वारा शुरू की गई राष्ट्रीय आवश्यक सहायक उत्पाद सूची एनएलईएपी पहल के अंतर्गत, भारतीय मानक ब्यूरो – बीआईएस ने चिकित्सा सहायक प्रौद्योगिकियों के लिए कई मानक जारी किए हैं। एक रिपोर्ट–

——— रिपोर्ट———

बीआईएस द्वारा कोहनी बैसाखी, चलने वाली छड़ियां और तीन या अधिक पैरों वाली चलने की छड़ियों के लिए मानक प्रकाशित किए गए हैं। इसके अलावा, बीआईएस ने स्पर्शनीय मार्गदर्शक मानचित्रों के सुलभ डिजाइन–सूचना सामग्री, चित्रांकन और प्रदर्शन विधियों, साइनेज उपकरण और उपकरणों पर ब्रेल के अनुप्रयोग और पोर्टेबल रैंप के लिए भी मानक प्रकाशित किए हैं। एनएलईएपी दस्तावेज़ का उद्देश्य नीति निर्माताओं, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और संबंधित हितधारकों के लिए सहायक उत्पादों के प्रावधान के लिए एक दिशानिर्देश के रूप में कार्य करना और साथ ही देश भर में सहायक प्रौद्योगिकियों के विकास में सहयोग करना है। ये मानक सुरक्षा, एर्गोनॉमिक्स प्रदर्शन, फिनिश, कारीगरी और निर्माता द्वारा प्रदान की जाने वाली जानकारी से संबंधित आवश्यकताओं को निर्धारित करते हैं। समाचार कक्ष से मैं मनोज।

———————————————————————————

केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय आज हैदराबाद में आत्म निर्भर पंचायत पहल पर एक आउटरीच कार्यशाला आयोजित कर रहा है। इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को आत्म निर्भर पंचायत कार्यक्रम की परिकल्पना, उद्देश्य और कार्य प्रणाली से परिचित कराया जाएगा। यह कार्यक्रम पंचायती राज मंत्रालय के राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अर्न्तगत एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज मुख्य भाषण देंगे। इस दौरान, वे आत्म निर्भर पंचायत कार्यक्रम की व्यापक सोच और उसकी परिकल्पना को सामने रखेंगे।

———————————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की इंटर और मैट्रिक की कंपार्टमेंटल परीक्षा आज से शुरू हो रही है। मैट्रिक की कंपार्टमेंटल परीक्षा छह मई तक तथा इंटर की परीक्षा ग्यारह मई तक दो पालियों में संचालित होगी। बोर्ड ने कहा है कि कदाचारमुक्त परीक्षा के आयोजन के लिए विभिन्न जिलों में परीक्षा केन्द्रों पर तैयारी पूरी कर ली गई है।

———————————————————————————

अररिया जिला स्थित अम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश के लिए आज से प्रक्रिया की होगी शुरूआत। केन्द्र का संचालन कला और संस्कृति विभाग के तहत किया जाता है।

———————————————————————————

अरवल जिले के कृषि भवन सभागार में अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर मजदूरों के अधिकार और कर्तव्य विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न प्रखंडों के श्रम परिवर्तन पदाधिकारी और श्रमिक संगठनों के कई नेताओं ने भाग लिया। वहीं, सीतामढ़ी जिले के डुमरा स्थित संयुक्त श्रम भवन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में जनगणना दो हजार सत्ताईस के पहले चरण के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना आज से शुरू। घर–घर जाकर प्रगणक लेंगे जानकारी।

02. भारत और नेपाल के बीच आज काठमांडू में मॉनसून अवधि के दौरान बाढ़ पूर्वानुमान मॉडल पर चर्चा होगी।

03. बीपीएससी ने अप्रैल में आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी परीक्षा को रद्द किया।

04. और, मौसम विभाग का आज प्रदेश के कई भागों में मेघगर्जन, वज्रपात और बारिश का अलर्ट। मई महीने में सामान्य से अधिक वर्षा का पूर्वानुमान।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।